**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 06 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

कांग्रेस सांसद डॉ.शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल ने कल रात वांशिंगटन में अमरीका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस से मुलाकात की। श्री थरूर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने की दृष्टि से बातचीत रचनात्मक रही। डॉ. थरूर ने भारत में अमरीका के राजदूत केन जस्टर से भी आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष पर बातचीत की।भारतीय जनता पार्टी सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्रसेल्स में बेल्जियम चैंबर्स रिप्रेजेंटेटिव के सदस्य पीटर डी. रोवर से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में श्री रवि शंकर प्रसाद ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करने के लिए श्री रोवर का आभार व्यक्त किया।

***बहुत अच्छी मुलाकातें हुईं और पूरी व्यवस्था के लिए मैं एंबेसडर कुमार और उनकी पूरी टीम का बहुत अभिनंदन करता हूं। पूरे ब्रसेल्स में यूरोपीयन पार्लियामेंट में बेल्जियम के पदाधिकारियों विदेश विभाग यूरोपीयन पार्लियामेंट सबसे मिलने के बाद एक निष्कर्ष लगा कि आतंकवाद की चिंता से वह भी परेशान हैं।***

आतंकवाद के खिलाफ भारत की एकजुटता का संदेश पूरे विश्व तक पहुंचाने के लिए विभिन्न देशों में गए सात सर्वदलीय शिष्ट मंडलों में से पांच स्वदेश लौट आये हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------

--देश में पिछले दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम देश के सभ्यतागत गौरव को स्थापित करने वाले सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण प्रयासों का उल्लेख कर रहे हैं।

***भारत की सांस्कृतिक यात्रा का पिछले एक दशक में चहमुखी विस्तार हुआ है। हम्पी के कालातीत मंदिरों से लेकर शास्त्रीय संगीत और नृत्य की जीवन परंपराओं तक सरकार ने मूर्त और अमूर्त दोनों विरासतों को नई ऊर्जा दी है। अयोध्या में राम मंदिर आस्था और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में स्थापित है, वहीं वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर परियोजना के माध्यम से प्रतिष्ठित काशी विश्वनाथ मंदिर को गंगा नदी से सीधे जोड़कर तीर्थयात्रियों के अनुभव को सुखद बनाया है। उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना को विश्व स्तरीय सुविधाएं और आध्यात्मिक माहौल प्रदान करने के लिए शुरू किया गया। दूसरी ओर***

***<u>हिमालय में केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के पुनर्विवाह के माध्यम से इन पवित्र मंदिरों में जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बुनियादी □ांचे और सुरक्षा को मजबूत किया गया है। इन प्रयासों को आगे बढ़ते हुए हृदय योजना के जरिए 12 विरासत शेरों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। साथ में यह पहल भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर रही है और देशभर में पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। भारत विदेशों से 350 से अधिक मूर्तियां और कलाकृतियों को सफलतापूर्वक वापस लाया है। जिससे देश की अमूल्य विरासत से लोग अवगत हुए हैं। अक्षित वैद्यान आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।</u>***

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि प्राकृतिक खेती तथा जैविक खेती से उत्पादित गेहूं, धान, दालों आदि उत्पादों के लिए गुरुग्राम में प्राकृतिक तथा जैविक मंडी स्थापित की जाएगी।चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में प्राकृतिक खेती सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा की हिसार में प्राकृतिक तथा जैविक खेती से उत्पादित फल, सब्जियों के लिए प्राकृतिक तथा जैविक मंडी की स्थापना की जाएगी।उन्होंने कहा कि  इसके अलावा, प्राकृतिक तथा जैविक खेती की उपज के उचित मूल्य निर्धारण के लिए हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण के तहत एक समिति का गठन किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती से प्राप्त उत्पादों की ब्रांडिंग और पैकेजिंग के लिए प्रति किसान 20 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक और जैविक खेती की उपज की जांच हेतु प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जाएंगी। ये प्रयोगशालाएं किसानों की फसल की निःशुल्क जांच करेंगी।उन्होंने यह घोषणा भी की कि खंड पूंडरी, जिला कैथल में कृषि विभाग की 53 एकड़ भूमि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को नीलामी के आधार पर पट्टे पर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में पंचायती भूमि में से 10 प्रतिशत भूमि या कम से कम एक एकड़ भूमि प्राकृतिक खेती के लिए आरक्षित की जाएगी। यह भूमि केवल भूमिहीन किसानों को नीलामी के माध्यम से दी जाएगी।

---

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने तीन जुलाई से शुरू हो रही 38 दिन की अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन शिवा की शुरूआत की है। हाल के पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए सेना ने केंद्रीय सशस्त्र बलों के साथ मिलकर यह पहल की है। इसके अंतर्गत 42 हजार सुरक्षा कर्मी पहलगाम और बालतल यात्रा मार्ग पर तैनात किये जायेंगे।

उच्च स्तरीय सुरक्षा तकनीक सहित ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे और तीन स्तरीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बुलेट प्रूफ गाडियों का भी प्रयोग किया जायेगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------